समाचार

# गोधन न्याय योजना पशुपालकों के लिए वरदान–महापौर

## (महापौर, सभापति ने किया वर्मी कम्पोस्ट के विक्रय हेतु वितरण)




कोरबा 27 मई 2021 – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की महती योजना गोधन न्याय योजना पशुपालकों के लिए वरदान साबित हो रही है। एक ओर पशुपालक गोबर का विक्रय कर अतिरिक्त आय प्राप्त कर रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर महिला स्वसहायता समूहों के माध्यम से गोबर से बने वर्मी कम्पोस्ट खाद का विक्रय करने से स्वसहायता समूहों की आर्थिक संपन्नता में वृद्धि हो रही है।

उक्त बातें महापौर श्री प्रसाद ने आज वार्ड क्र. 29 पोड़ीबहार एस.एल.आर.एम.सेंटर में वर्मी कम्पोस्ट के वितरण अवसर पर कही। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण योजना गोधन न्याय योजना के अंतर्गत विभिन्न गोबर खरीदी केन्द्रों में खरीदे जा रहे गोबर का उपयोग वर्मी कम्पोस्ट बनाने में किया जा रहा है, नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में 07 स्थानों पर वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण समितियों के माध्यम से किया जा रहा है। निगम के वार्ड क्र. 29 पोड़ीबहार एस.एल.आर.एम.सेंटर में आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने वर्मी कम्पोस्ट खाद का वितरण किया। इस अवसर पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल सदस्य प्रदीप जायसवाल, कार्यपालन अभियंता एवं नोडल अधिकारी एम.एन.सरकार, गौरव सिंह सहित महिला स्वसहायता समूह की सदस्याएं उपस्थित थी। महापौर श्री प्रसाद ने आगे कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ सरकार ने दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की हैं, इन्ही महत्वपूर्ण योजनाओं में गोधन न्याय योजना भी शामिल है। उन्होने कहा कि निश्चित रूप से गोधन न्याय योजना पशुपालकों के लिए वरदान साबित हो रही है, पहले जिस गोबर को कचरे के रूप में फेंक दिया जाता था, आज उसी गोबर का विक्रय कर पशुपालक अतिरिक्त आय प्राप्त कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर स्वसहायता समूह इस गोबर से बने वर्मी कम्पोस्ट खाद का विक्रय कर आर्थिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं,उनकी

आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो रही है एवं उन्हे रोजगार प्राप्त हो रहा है। उन्होने कहा कि वर्मी कम्पोस्ट खाद फसलों के लिए अधिक लाभकारी है तथा अनाज व साग–सब्जी के उत्पादन को बढ़ाती है, इसका उपयोग कर किसान अच्छी फसल ले सकते हैं तथा ज्यादा लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी ने कम्पोस्ट खाद निर्माण स्थल का निरीक्षण किया तथा खाद बनाने की प्रक्रिया को देखा तथा आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।